अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार

1. पुरस्कार का नाम

अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार

2. प्रायोजक

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

3. पुरस्कार का उद्देश्य

अंतरिक्ष विज्ञान, अनुप्रयोग एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान करने हेतु।

4. पुरस्कार की प्रकृति

श्रेणी-1: दो पुरस्कार, जिनमें से एक प्रिंट मीडिया तथा दूसरा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, जिसमें रु. 5,00,000/- (मात्र पाँच लाख रुपए), एक पदक तथा प्रशस्ति-पत्र शामिल होगा, जो कि पत्रकारों/फ्रीलांसरों को प्रदान किया जाएगा। पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान पर निम्नलिखित आधार पर निर्णय लिया जाएगा:

- **प्रिंट मीडिया**: प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के दौरान, भारत में हिंदी/अंग्रेज़ी/किसी भी क्षेत्रीय भाषा में प्रसिद्ध नियतकालिक पत्रिकाओं/विज्ञान पत्रिकाओं/जर्नलों में प्रकाशित लेख/सफलता गाथाएं।
- **इलेक्ट्रॉनिक मीडिया**: प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के दौरान, भारत में प्रसिद्ध टी.वी. चैनलों/ओ.टी.टी./यू.ट्यूब अथवा इनके समान मंचों पर हिंदी/अंग्रेज़ी/अथवा किसी भी क्षेत्रीय भाषा में निर्मित वृत्तचित्र/लघु फिल्म प्रसारण।

श्रेणी-2: दो पुरस्कार, जिनमें से एक प्रिंट मीडिया तथा दूसरा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, जिसमें रु. 3,00,000/- (मात्र तीन लाख रुपए) और एक प्रशस्ति-पत्र शामिल होगा, जो कि पत्रकारों/फ्रीलांसरों को प्रदान किया जाएगा। पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान पर निम्नलिखित आधार पर निर्णय लिया जाएगा:

- **प्रिंट मीडिया**: प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के दौरान, भारत में हिंदी/अंग्रेजी/किसी भी क्षेत्रीय भाषा में प्रसिद्ध समाचार पत्रों/समाचार पत्रिकाओं में प्रकाशित लेख/सफलता गाथाएं।
- **इलेक्ट्रॉनिक मीडिया**: प्रस्ताव में उल्लेखित अवधि के दौरान, भारत में प्रसिद्ध टी.वी. चैनलों/ओ.टी.टी./यू.ट्यूब अथवा इनके समान मंचों पर हिंदी/अंग्रेज़ी/अथवा किसी भी क्षेत्रीय भाषा में समाचार सामग्री/समीक्षा/रिपोर्ट प्रसारण।

5. आवृत्ति: मात्र शताब्दी वर्ष के लिए (2019-2020)

6. पात्रता:

- पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा अनुभव रखने वाले भारतीय मूल के सभी पत्रकार/फ्रीलांसर इसमें भाग ले सकते हैं। पत्रकारों के पास गत वर्ष का और साथ ही, नामांकन वर्ष के दौरान भारत सरकार द्वारा वैध आधिकारिक मान्यता होनी चाहिए। जो भी मामला हो, पत्रकार को, किसी भी अग्रणी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय

समाचार पत्र/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/जर्नल/नियतकालिक पत्रिका के साथ होना चाहिए। समाचार पत्र/समाचार एजेंसी/जर्नल/नियतकालिक पत्रिका के संपादक अथवा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यक्रम प्रधान द्वारा एक प्रमाणपत्र दिया जाना होगा, जो यह घोषणा करेगा कि नामांकित किया जाने वाला पत्रकार पिछले कैलेंडर वर्ष में समाचार पत्र/समाचार एजेंसी के नियमित प्रकाशन में सक्रिय या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में नियमित रूप से कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर रहा है। उस पत्रकार द्वारा दिए गए वर्ष में कम-से-कम 5 रिपोर्टों/वृत्तचित्रों के निर्माण में योगदान होना चाहिए, जो प्रविष्टि प्रपत्र के साथ संलग्न होना चाहिए। नामांकन, नामित किए गए पत्रकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

- स्वयं का नामांकन करने वाले फ्रीलांसर को उपरोक्त दस्तावेजों के साथ स्वप्रमाणित घोषणा भी प्रस्तुत करनी होगी।
- संपादक और नामित पत्रकार या फ्रीलांसर द्वारा इस बात की संयुक्त घोषणा कि पुरस्कार हेतु विचारार्थ सामग्री पत्रकार द्वारा स्वयं तैयार की गई है और गत कैलेंडर वर्ष में पहली बार प्रकाशित की हुई थी और सामग्री के सभी अधिकार समाचार पत्र/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/पत्रकार के पास मौजूद हैं।
- देशी भाषा के पत्रों के लेख/आलेख अंग्रेजी/हिंदी में अनुवादित होने चाहिए।
- सभी फोटो प्रविष्टियों में या तो अंग्रेजी या हिंदी या उसके अनुवाद में शीर्षक दिया जाना चाहिए।
- प्रविष्टियों में एक रिपोर्ट/लेख/कार्यक्रम का विशिष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि नामित व्यक्ति प्रशस्ति-पत्र के लिए विचार करने हेतु इच्छुक है।

7. मानदंड

- इसरो पंजीकृत समाचार पत्र/नियतकालिक पत्रिका/जर्नल/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संपादकों/कार्यक्रम प्रधानों से नामांकित पत्रकार/फोटो-पत्रकार के सी.वी. के साथ निर्दिष्ट प्रपत्र (प्रविष्टि प्रपत्र, घोषणा पत्र एवं नियम) में प्रविष्टियां माँगने हेतु इसरो की वेबसाइट पर प्रेस विज्ञप्ति और सूचना के साथ समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करेगा।
- चयनित अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा 01 अगस्त 2020 तक की जाएगी।

8. चयन प्रक्रिया

- पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों से तीन गैर-इसरो सदस्यों के साथ पीठासीन अधिकारी सहित इसरो की छ: सदस्यों वाली निर्णायक समिति विजेताओं के नामों का चयन करेगी।
- निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा और उनके निर्णय के बारे में किसी भी अपील या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. प्रस्तुतीकरण

- चयनित अभ्यर्थियों को त्रिवेंद्रम, केरल में 12 अगस्त, 2020 को विक्रम साराभाई शताब्दी कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार

आवेदन/नामांकन प्रपत्र

1. पुरस्कार का नाम:
   अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार श्रेणी 1 ☐
   अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार श्रेणी 2 ☐
   **लागू होने वाली श्रेणी में सही का निशान लगाएं।
2. पत्रकार/फ्रीलांसर का नाम एवं पता:
3. पिता/पति का नाम:
4. पत्रकार/फ्रीलांसर की पृष्ठभूमि, प्रकार्यात्मक प्रोफाइल एवं उपलब्धियां:
5. समाचार पत्रों/प्रकाशनों/जर्नलों/पत्रिकाओं/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सूची, जहां लेख आदि प्रकाशित हुए थे:
6. पत्रकार द्वारा समाचारपत्रों/जर्नलों/पत्रिकाओं/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों तथा उसके कवरेज की सीमा में किया गया योगदान
7. अन्य संचार एजेंसियों/फर्मों/मीडिया, आदि के साथ अन्योन्यक्रिया एवं संपर्क की सीमा एवं गुणवत्ता:
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण योगदान, जो पत्रकार/फ्रीलांसर को महत्वपूर्ण लगता है:
9. **घोषणा**:
   क. ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी में पूर्णतया सत्य है और मेरे द्वारा दी गई कोई भी सूचना गलत पाए जाने पर पुरस्कार के लिए मेरा नामांकन अयोग्य हो सकता है तथा इस विषय पर आगे बिना किसी पत्राचार के इसरो का निर्णय मुझ पर अंतिम और बाध्य होगा।
   ख. मुझे किसी भी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। मेरी कोई भी आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है।

नाम एवं पदनाम

हस्ताक्षर एवं मुहर